संख्या-2/2017/625/18-4-2017-6(19)/84

प्रेषक,

आर0ए0 सिंह,
उप सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

आयुक्त एवं निदेशक,
उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय उ0प्र0,
कानपुर।

सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यम अनुभाग-4 **लखनऊः दिनांकः 02जून,2017**

विषय- अल्पसंख्यक समुदाय के दस्तकारों की सहायता करने तथा हस्तकला के उन्नयन से संबंधित अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की परियोजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2017-18 के आय-व्ययक में लेखानुदान के माध्यम से प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक वित्त नियंत्रक उद्योग, उद्योग निदेशालय उ0प्र0 कानपुर के पत्र संख्या-20/4-वित्त/5मा0बजट/मांग/2017-18, दिनांक 01-5-2017 के सदंर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अल्पसंख्यक समुदाय के दस्तकारों की सहायता करने तथा हस्तकला के उन्नयन से संबंधित अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की परियोजना के अंतर्गत सहायता योजना के क्रियान्वयन हेतु वित्तीय वर्ष 2017-18 के आय-व्ययक में लेखानुदान के माध्यम से प्राविधानित रू0 7,00,000/- (रू0 सात लाख) मात्र के सापेक्ष प्रथम 05 माहों के लिए रू0 2.50 लाख (रूपये दो लाख पचास हजार) की धनराशि निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबंधों के अधीन आपके निवर्तन पर रखते हुए व्यय किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

2-उपर्युक्त स्वीकृत धनराशि का उपयोग पूर्व निर्धारित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन किया जायेगा तथा योजनान्तर्गत मार्ग-दर्शक सिद्धान्तों का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि का अन्य मद में व्यावर्तन किसी भी दशा में अनुमन्य न होगा।

3-उपर्युक्त स्वीकृत धनराशि सक्षम अधिकारी की वास्तविक मांग पर आहरित की जायेगी तथा उक्त धनराशि केवल उपर्युक्त स्वीकृत योजना पर ही व्यय की जायेगी। किसी भी दशा में स्वीकृत धनराशि अथवा उसके किसी अंश का उपयोग अन्य मदों/अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु नही किया जायेगा।

4- उपरोक्त स्वीकृत धनराशि का आहरण करने के पूर्व यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि प्रश्नगत योजना/कार्य किसी अन्य योजना से स्वीकृत नहीं हुआ/हो रहा है।

5- योजनान्तर्गत स्वीकृत धनराशि को पी0एल0ए0/डिपार्टमेंट खाता में जमा नहीं किया जायेगा।

6- उपरोक्त स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष होने वाले व्यय का नियंत्रण, वितत विभाग के शासनादेश संख्या-बी-1-1195/दस-16/94, दिनांक 6 जून,1994 द्वारा निर्गत निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा ।

7- व्यय प्रबंधन एवं शासकीय व्यय में मितव्यतिता के सम्बंध में वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों के साथ-साथ उत्तर प्रदेश बजट मैनुअल के प्रस्तर-12 में दी गयी शर्तो की पूर्ति तथा वित्तीय औचित्य मानको (स्टेण्डर्डस ऑफ फाईन्शियल प्रोप्राइटी) का अनुपालन भी सुनिश्चत किया जायेगा।

8- स्वीकृत धनराशि के व्यय के सम्बंध में वित्त विभाग के ज्ञाप संख्या-1/2017/बी-1-02/दस-2017-231/2017, दिनांक 02 जनवरी,2017 एवं शासकीय व्यय में मितव्ययिता सम्बंधी वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किये गये शासनादेशों में उल्लिखित निर्देशों का अनुपालन कड़ाई से सुनिश्चित किया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

9-प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि का मदवार मासिक व्यय विवरण शासन के विशेष सचिव वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-6 एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग उ0प्र0 शासन को प्रपत्र बी-एम-13 में पूर्णतया भरकर उपलब्ध कराया जायेगा ।

10-स्वीकृत धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र महालेखाकार (लेखा परीक्षा)-1 एवं 2 उ0प्र0 इलाहाबाद तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग उ0प्र0 शासन को धनराशि व्यय किये जाने के एक माह के भीतर उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा ।

11- उक्त कार्य पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2017-18 के आय-व्ययक अनुदान संख्या-3 के अधीन लेखाशीर्षक-"3453-विदेश व्यापार तथा निर्यात संवर्धन-194-निर्यात संवर्धन तथा विपणन विकास के लिए सहायता-04-अल्पसंख्यक समुदाय के दस्तकारों की सहायता करने तथा हस्त कला के उन्नयन से सम्बन्धित अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की परियोजना के अंतर्गत सहायता-20-सहायता अनुदान-सामान्य (गैर वेतन)" के नामे डाला जायेगा।

12-यह आदेश वित्त विभाग के ज्ञाप संख्या-1/2017/बी-1-02/दस-2017-231/2017, दिनांक 02 जनवरी,2017 द्वारा प्रतिनिधानित अधिकारों के अंतर्गत जारी किये जा रहे है।

भवदीय,

(आर0ए0 सिंह)
उप सचिव।

संख्या-2/2017/625(1)/18-4-2017, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-:

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 इलाहाबाद/सी0ए0एस0एस00-3/टी0डी0ए0 कोआर्डिनेशन, उ0प्र0 इलाहाबाद ।
3- कोषाधिकारी, कानपुर ।
4- निदेशक, वित्तीय एवं सांख्यकीय निदेशालय, 125 जवाहर भवन, लखनऊ ।
5- निदेशक, उद्योग, (अर्थ अनुभाग) उद्योग निदेशालय, उ0प्र0 कानपुर ।
6-मण्डलायुक्त, आगरा मंडल, आगरा/जिलाधिकारी, अलीगढ़।
7-महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, अलीगढ़।
8-अध्यक्ष, अल्पसंख्यक आयोग, जवाहर भवन, लखनऊ ।
9-वाइस चांसलर, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
10- वित्त नियंत्रक, उ0प्र0 उद्योग निदेशालय, कानपुर।
11-वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-6/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/ सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यम अनुभाग-3
12-गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(आर0ए0 सिंह)
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in